आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर

आदेश की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

भूमि विक्री अनुमति वाद सं०–94/2022

सी० एन०टी० एक्ट की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत

श्री अम्बिका पाल––विक्रेता

प्रति

श्री दुखन पाल––क्रेता

–:आदेशः–

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक/विक्रेता श्री अम्बिका पाल, पिता–स्व० तुफानी पाल, ग्राम–फरठिया (टोला नगदरवा), पोस्ट–हुर, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा ने नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि को क्रेता श्री दुखन पाल, पिता–स्व० प्रित पाल, ग्राम–फरठिया (टोला नगदरवा), पोस्ट–हुर, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत भूमि विक्री करने हेतु आवेदन पत्र दिया है। उक्त आवेदन पत्र पर अंचल अधिकारी, गढ़वा से आवेदन पत्र में वर्णित भूमि पर जाँच कर विहित प्रपत्र में स्पष्ट अनुशंसा के साथ एवं आम इस्तेहार का विधिवत तामिला कराकर प्रतिवेदन की मांग की गई। उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, गढ़वा के पत्रांक 88/दिनांक 17.02.2023 के द्वारा अंचल अधिकारी, गढ़वा का जाँच प्रतिवेदन एवं आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त हुआ एवं विक्रेता के द्वारा प्रतिवेदित भूमि के संबंध में आवश्यक कागजात प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत कागजातो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित भूमि विक्रेता के पिता के नाम से मांग चलता है। विक्रेता जाति के पाल गड़ेरी (पिछड़ा वर्ग) एवं क्रेता जाति के पाल गड़ेरी (पिछड़ा वर्ग) के सदस्य है, विक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही जिला गढ़वा के निवासी हैं। विक्रेता प्रस्तावित भूमि विक्री करने के पश्चात् भूमिहीन नहीं होते हैं। प्रस्तावित भूमि आवेदक/विक्रेता के शांतिपूर्ण दखल–कब्जे में हैं। यह भूमि भूदान, भू–हदबंदी, वन सीमा इत्यादि से मुक्त है।

अतः उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, गढ़वा एवं अंचल अधिकारी, गढ़वा के जाँच प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक में आवेदक/विक्रेता श्री अम्बिका पाल, पिता–स्व० तुफानी पाल, ग्राम–फरठिया (टोला नगदरवा), पोस्ट–हुर, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा ने क्रेता श्री दुखन पाल, पिता–स्व० प्रित पाल, ग्राम–फरठिया (टोला नगदरवा), पोस्ट–हुर, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा को नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि की विक्री करने हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अन्तर्गत विक्री हेतु हस्तान्तरण करने की स्वीकृति दी जाती है।

भूमि का विवरणः–

ग्राम	थाना सं०	खाता सं०	प्लॉट सं०	रकबा (एकड़ में)	चौहदी
1	2	3	4	5	6
फरटिया (टोला नगदरवा)	282	117	306	0.07½	उ०–सुरेश पाल, द०–नीज विक्रेता, पू०–प्रेमचन्द पाल वगैरह, प०–रास्ता,
			कुल रकबाः–	0.07½	

आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला अवर निबंधक, गढ़वा को भेजे।

लेखापित एवं संशोधित।

ह0/–
अपर समाहर्त्ता
गढ़वा।

ह0/–
अपर समाहर्त्ता
गढ़वा।

ज्ञापांक 355 / दिनांक 27.02.2023

प्रतिलिपिः– जिला अवर निबंधक, गढ़वा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.2.23

अपर समाहर्त्ता
गढ़वा।

Digitally signed by Pankaj Kumar Singh
Date: 2023.03.15 16:53:05 +05:30
Location: 192.168.4.160

कोषाध्यक्ष

Scanned with CamScanner